# वर्षों बाद मालिकाना हक पाकर लोगों को खुशी मिली

झुंझुनूं, (निसं)। ग्रामीण इलाकों में वर्षों से जमीन के मालिकाना हक से वंचित लोगों को स्वामित्व योजना के तहत स्वामित्व कार्ड का वितरण किया गया। झुंझुनूं के सूचना केंद्र सभागार में जिला स्तरीय कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजस्व उपनिवेशन एवं सैनिक कल्याण राज्य मंत्री विजय सिंह थे।

जिला स्तरीय कार्यक्रम में लाभार्थियों ने वर्चुअल माध्यम से पीएम नरेंद्र मोदी और सीएम भजनलाल शर्मा को वर्चुअल माध्यम से सुना। राज्य मंत्री विजय सिंह ने जिला स्तरीय कार्यक्रम में लाभार्थियों को स्वामित्व कार्ड का वितरण किया राज्य मंत्री विजय सिंह ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि झुंझुनूं जिले में 602 गांव का ड्रोन सर्वे किया जा चुका है। जिले में अब तक 72306 स्वामित्व कार्ड तैयार किए गए हैं। जिनमें से अब तक जिले में 28761 स्वामित्व कार्ड लाभार्थियों को वितरित किया जा चुके हैं।



झुंझुनूं के ग्रामीण इलाकों में वर्षों से जमीन के मालिकाना हक से वंचित लोगों को स्वामित्व योजना के तहत स्वामित्व कार्ड का वितरण किया गया।

आज आयोजित हुए आज जिले में 5275 लाभार्थियों को स्वामित्व कार्ड का वितरण किया गया है। जिला स्तरीय कार्यक्रम में 200 लाभार्थियों को प्रतीकात्मक रूप से स्वामित्व कार्ड वितरित किए गए हैं। राज्य मंत्री विजय सिंह ने कहा कि इस योजना के सफल क्रियान्वयन से ग्रामीण इलाकों में रहने वाले लोग सशक्त हुए हैं। इस योजना से गांवों का विकास होगा। स्वामित्व कार्ड से सम्पति सम्बन्धी विवाद खत्म होंगे। स्वामित्व कार्ड के जरिए अब बैंकों से लोन भी लिया जा सकेगा।

इस योजना से निश्चित तौर पर ग्रामीण इलाकों की तस्वीर बदलेगी और ग्रामीण इलाके समृद्ध और विकसित होंगे। इस मौके पर जिला कलेक्टर रामावतार मीणा, एडीएम डॉ. अजय कुमार आर्य, सीईओ कैलाशचंद्र शर्मा, एसीईओ रामनिवास चौधरी, भाजपा जिलाध्यक्ष बनवारीलाल सैनी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्यारेलाल ढूकिया,सीए लोकेश अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में विशिष्टजन मौजूद थे।

पटवारियों की हड़ताल को लेकर राजस्व राज्य मंत्री ने कहा, मांगों को सुन सरकार से पूरा करवाएंगे। प्रदेश में 9 सूत्री मांगों को लेकर धरने पर बैठे पटवारियों की हडताल को लेकर झुंझुनूं दौरे पर रहे राजस्व राज्य मंत्री विजय सिंह ने बयान दिया हैं। उन्होंने कहा हैं कि पटवारी की मांगों को सुनकर सरकार से उन्हें पूरा करवाया जाएगा।

■ स्वामित्व योजना के तहत जिले में 5306 लोगों को स्वामित्व कार्ड मिले

राजस्व राज्य मंत्री विजय सिंह आज झुंझुनूं दौरे पर रहे। झुंझुनूं पहुंचने पर भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा जिलाध्यक्ष बनवारीलाल सैनी की अगुवाई में उनका स्वागत किया। राजस्व राज्य मंत्री विजय सिंह ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि पटवारी की मांगों को सुनकर सरकार से उन्हें पूरा करवाया जाएगा। उन्होंने कहा कि राजस्व विभाग में भी जो तबादले शेष हैं। उसको लेकर चर्चा की जाएगी। सैनिक बाहुल्य जिले झुंझुनूं में सैनिक परिवारों को आ रही समस्याओं को लेकर पूछे गए सवाल पर उन्होंने कहा कि सरकार सैनिकों और उनके परिवारों को लेकर संवेदनशील है। अधिकारियों को सैनिक परिवारों की समस्याओं के समाधान को लेकर निर्देशित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि रास्तों के विवादों के जल्द निस्तारण को लेकर नवाचार किया जाएगा। ताकि रास्ते संबंधी विवादों का जल्द निस्तारण हो सके।

# स्वामित्व योजना में जिले के 1117 लाभार्थियों को पट्टे दिए

सीकर (निसं)। स्वामित्व योजना के तहत शनिवार को स्वामित्व कार्ड एवं पट्टा मय प्रॉपर्टी पार्सल वितरण कार्यक्रम का जिला स्तरीय वर्चुअल कार्यक्रम जिला परिषद सभागार सीकर में आयोजित हुआ। इस दौरानवन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री संजय शर्मा द्वारा 24 लाभार्थियों को स्वामित्व कार्ड एवं पट्टे वितरित किए गए।

इस दौरान प्रभारी मंत्री संजय शर्मा ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सोच के तहत ग्रामीण अंचल के लोगों को स्वामित्व योजना के तहत पूरे देशभर में आज 45 लाख पट्टों का वितरण किया गया है तथा सीकर जिले में जिला प्रशासन एवं जिला परिषद द्वारा ग्रामीण अंचल के 1117 लाभार्थियों को पट्टे वितरित किए गए हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की यह पहल ग्रामीण अंचल के लोगों को उनका हक प्रदान करेगी।

इन पट्टों से ग्रामीणवासियों को सभी योजनाओं का लाभ सहित बैंक से ऋण प्राप्त करने में आसानी होगी। उन्होंने कहा कि आगामी बजट 2025-26 में सीकर जिले की मांगों को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा पूरा करने का प्रयास किया जाएगा।

■ प्रधानमंत्री मोदी की यह पहल ग्रामीण अंचल के लोगों को उनका हक प्रदान करेगी : प्रभारी मंत्री

वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री संजय शर्मा, जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा,पूर्व सांसद सीकर सुमेधानंद सरस्वती, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी राजपाल यादव, अतिरिक्त जिला कलेक्टर प्रशासन रतन कुमार सहित अन्य अतिथियों द्वारा जिले के 24 लाभार्थियों को प्रतिकात्मक पट्टा मय प्रोपटी पार्सल का वितरण किया गया।

**इन्हें मिले स्वामीत्व के पट्टे:-** ग्राम पंचायत बीबीपुर छोटा के लाभार्थी प्रभुदयाल माहिच,महावीर सिंह, पूर्ण सिंह,सत्यपाल सिंह, मैनपाल सिंह, रोलसाहबसर के महावीर प्रसाद, शकिला बानो, उस्मान खान, इलियास खान, राजपुरा नौशाल के कन्हैया लाल, बाबूलाल, श्रवणलाल, माल सिंह, ओमप्रकाश, राजेन्द्र सिंह, चौकडी के बजरंग लाल, मोहन लाल सैनी, सोहन लाल सैनी, नाथूराम, रामनिवास, रलावता के भंवरलाल जाट, कानाराम, अर्जुन लाल, शिशपाल, प्रभुदयाल, भगवानाराम को स्वामित्व के पट्टे देकर लाभान्वित किया गया। कार्यक्रम का संचालन जिला परिषद के सहायक लेखाधिकारी रवीन्द्र पूनिया ने किया।

इस दौरान यूआईटी सचिव जेपी गौड़, पूर्व प्रशासनिक अधिकारी ईश्वर सिंह राठौड़,भाजपा जिला अध्यक्ष कमल सिखवाल,बाबू सिंह बाजौर,पूर्व विधायक सीकर राजकुमारी शर्मा, कविता चौधरी, गोविन्द सैनी,एक्सएन नरेगा रमजान, रामप्रसाद मिश्रा सहित जनप्रतिनिधि, जिला स्तरीय अधिकारी एवं स्वामित्व योजना के लाभार्थी बडी संख्या में उपस्थित रहे।

# ओवरब्रिज निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया



विधायक हरलाल सहारण ने अग्रसेन नगर फाटक के पास ओवर ब्रिज व अण्डरब्रिज निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया।

चूरू (निसं)। अग्रसेन नगर फाटक के पास ओवर ब्रिज व अण्डरब्रिज निर्माण कार्य का भूमि पूजन शनिवार को विधायक हरलाल सहारण ने पूजा-अर्चना कर किया। पंडितों ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा-अर्चना करवायी। इस अवसर पर विधायक हरलाल सहारण ने कहा कि केन्द्र व राज्य सरकार ने विकास की गंगा बहा दी है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने तो सिर्फ लूटने का काम किया है। राज्य में भाजपा की सरकार ने एक वर्ष में विकास कार्यों को प्राथमिकता से किया है। राज्य में गांव और शहर में विकास कार्य को करने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। भाजपा सरकार ने आते ही युवाओं को रोजगार देने का काम किया है।

भाजपा सरकार ने विभिन्न योजनाओं से महिलाओं व किसानों को लाभान्वित किया है। इस अवसर पर उप जिला प्रमुख महेन्द्र न्यौल, विमला गढवाल, सुरेश सारस्वत, दीनदयाल सैनी, धर्मेन्द्र राकसिया, मोहनलाल गढ़वाल, गजानंद गौड़, कपिल रक्षक व ब्रिज निर्माण कंपनी प्रबंधक सुधेन्द्र रूप राव सहित अनेक गणमान्य जन उपस्थित थे।

# राजस्थान शिक्षक संघ सियाराम के दो दिवसीय प्रांतीय अधिवेशन का समापन

झुंझुनूं, (निसं)। राजस्थान शिक्षक संघ सियाराम के दो दिवसीय प्रांतीय अधिवेशन का समापन जिले के जेपी जानूं राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में हुआ। कार्यक्रम में समापन सत्र के मुख्य अतिथि भामाशाह व राजस्थान आदर्श जाट महासभा के प्रदेश अध्यक्ष शिवकरण जानूं थे।

कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि डीईओ सैकंडरी सुभाषचंद्र ढाका, सीबीईओ अलसीसर राजेंद्र खीचड, सीओ स्काउट महेश कलावत रहे। मुख्य वक्ता सेठ नेतराम मघराज राजकीय बालिका महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रामकुमार सिंह रहे। अति विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रोफेसर रोहिताश्व यादव थे। सबसे पहले मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम के दूसरे दिन की शुरुआत की गई। आए हुए समस्त मेहमानों का माल्यार्पण शॉल एवं साफा ओढाकर स्वागत किया गया। संगठन के प्रशासनिक अध्यक्ष सियाराम शर्मा ने कहा कि शिक्षक शिक्षक में व्याप्त चुनौतियों का सामना तभी कर पाएगा। जब वह स्वयं स्वाध्याय करके विद्यालय में आएगा।

■ दो दिनों में शिक्षक हित में एवं शिक्षार्थी हित में विभिन्न मांगों पर हुआ मंथन

उन्होंने समस्त शिक्षकों से स्वयं आचार संहिता की पालना करने की बात रखी। प्रदेश सभा अध्यक्ष ललित आर पाटीदार ने कहा कि शिक्षकों की मांगों के लिए हम संघर्ष की रूपरेखा बनाएंगे एवं उसकी जल्दी ही घोषणा की जाएगी। उसके बाद खुला अधिवेशन प्रारंभ हुआ। जिसमें खुले मंच से राजस्थान भर के जिलाध्यक्षों ने अपने विचार रखे। जिसमें शिक्षकों की समस्याओं पर चर्चा की गई। जिसमें मुख्य रूप से तृतीय श्रेणी अध्यापकों के स्थानान्तरण से रोक हटाने, सभी श्रेणी के शिक्षकों की वेतन विसंगति दूर करने, प्रिंसिपल भर्ती में 50 प्रतिशत सीधी भर्ती से भरे जाने वह 50 प्रतिशत डीपीसी से भरे जाने, अधिशेष शिक्षकों का पदस्थापन काउंसलिंग सिस्टम के माध्यम से करने, महात्मा गांधी राजकीय विद्यालयों में साक्षात्कार से चयनित अध्यापकों को अधिशेष नहीं करने, जिन अध्यापकों के पदस्थापन से संबंधित मामले ट्रिब्यूनल कोर्ट में चल रहे हैं उनकी काउंसलिंग करवा कर उचित पदस्थापन करवाने, जब सम्मेलन या शिक्षक का अवकाश हो उस दिन शिक्षा विभाग का कार्यक्रम जारी नहीं करने, पूर्व प्राथमिक शिक्षक को भी शिक्षकों के समान वेतन देने, बेसिक कम्प्यूटर अनुदेशक और वरिष्ठ कम्प्यूटर अनुदेशक के बाद पदोन्नित का विकल्प करने, जिन सत्रों की विभिन्न संवर्गों की डीपीसी बकाया चल रही है उनकी अति शीघ्र डीपीसी कर पदस्थापन किए जाने, अध्यापकों को गैर शैक्षिणक कार्यों से मुक्त रखा जाए सहित 21 सूत्री मांग पत्र तैयार किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक सुभाषचंद्र ढाका ने बच्चों को संस्कारवान शिक्षा देने का आव्हान किया एवं नामांकन बढाने पर जोर दिया।

मुख्य वक्ता डॉ. रामकुमार सिंह ने नई शिक्षा नीति 2020 की गुणवत्ता, सामाजिक परिवर्तन, कौशल युक्त शिक्षा, विदेश में बेरोजगारी, सामाजिक मूल्य में बदलाव, संस्कृति में हो रहे परिवर्तन, बच्चों पर शिक्षा का मानसिक दबाव, बढ़ रही आत्महत्या, नशे की प्रवृत्ति, शिक्षकों के दायित्व, सामाजिक परिवर्तनों के अनुसार शिक्षक को बदलाव की आवश्यकता पर बल दिया। मुख्य अतिथि शिवकरण जानूं ने कहा कि मैं सदैव शिक्षकों के हितों के लिए तत्पर रहूंगा और भविष्य में यदि ऐसा आयोजन किया जाता है तो झुंझुनूं की धरा पर होने वाले आयोजन का समस्त खर्च मेरे द्वारा वहन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मैं शिक्षकों का सदैव सम्मान करता हूं क्योंकि शिक्षक ही भावी एवं आदर्श भारत के निर्माता है। विशिष्ट अतिथि मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी राजेंद्र खीचड ने बताया कि महात्मा गांधी विद्यालयों की समीक्षा करने की आवश्यकता है।

शिक्षा संघ के राजकुमार मूंड, रणबीर गोदारा, निरंजन शर्मा, महेशचंद सैनी, राधेश्याम मान, सुरेंद्र बिजारणिया आदि ने सभी अतिथियों का सम्मान करते हुए शिक्षक, शिक्षार्थी और शिक्षा की में हो रहे परिवर्तनों की चुनौतियों पर प्रकाश डाला। अंत में इस दो दिवसीय प्रांतीय अधिवेशन के संयोजक उम्मेद सिंह डूडी ने आए हुए समस्त अतिथियों का एवं शिक्षकों का धन्यवाद ज्ञापित किया। जिलाध्यक्ष अशोक कुलहरि एवं जिला मंत्री सुदेश यादव ने भी सभी का आभार प्रकट किया।

## सार-समाचार

### हजारों लीटर व्यर्थ बह रहा पानी

**गुढ़ागौडजी,** (निसं)। स्थानीय स्टेट हाइवे पुलिस थाने गुढा के पास रोड साइड से हजारों गैलन पानी व्यर्थ बह रहा है। जो चंवरा तिराहे पर भी यह गंदा पानी फैला हुआ है। जिससे आमजन एवं व्यापारीजन भारी परेशान है। विभाग जलदाय विभाग को सूचना करने के बाद भी नहीं करते हैं। बार बार अवगत कराया। लेकिन अधिकारी सुनाई नहीं करते। जैसे आने जाने वाले एवं व्यापारियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है एवं यातायात से राहगीरों के कपडे खराब होते हैं। लेकिन जलदाय विभाग की लापरवाही का खामियाजा व चंवरा रोड बस स्टैंड पर भी कीचड़ से यात्रा आमजनों व मोटरसाइकिल रपट ने दुर्घटनाग्रस्त रहा है। जबकि गर्मियों में पीने को पानी नहीं मिलता। लेकिन जलदाय विभाग का इस ओर कोई ध्यान नहीं है। सड़क के एक साइड पर गंदा कीचड़ काफी दूरी तक फैला हुआ है। कस्बे में जगह जगह पाइप लाइन टूटी फूटी होने से लोगों के घरों में भी सप्लाई सही नहीं हो रही है।

### मोबाइल वैन को हरि झंडी दिखाई

**तारानगर** (निसं)। तारानगर के अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश संतोष कुमार मीणा व सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट अजयदीप सिँह ने शनिवार को हरी झंडी दिखाकर मोबाईल वैन को रवाना किया। न्यायधीश मीणा ने बताया कि मोबाईल वैन शनिवार को क्षेत्र के सुखवासी व पंडरेउ टिब्बा में रहेगी एवं सोमवार को गाँव पुनरास व गौड़ास में रहेगी एवं उक्त गाँवों की चौपाल में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। मोबाईल वैन के द्वारा उक्त गांवों में बाल विवाह की रोकथाम, वृक्षारोपण, माननीय नालसा की विभिन्न स्कीमों तथा कानून के बारे में जानकारियां दी जायेंगी तथा लोगों को उनके विधिक अधिकारों के बारे में भी जागरूक किया जायेगा। इस दौरान 8 मार्च 2025 को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के फायदों के बारे में भी बताया जायेगा।

### नव आगंतुक कोतवाल से शिष्टाचार भेंट

**झुंझुनूं,** (निसं)। थाना कोतवाली में नवांगतुक शहर कोतवाल सीआई नारायण सिंह, जो की पिलानी से स्थानान्तरण होकर आए हैं, से शिष्टाचार भेंट कर उनका स्वागत अभिनंदन किया। सुनिल पाटोदिया वेलफेयर फाउंडेशन के प्रदीप पाटोदिया, अग्रवाल समाज अध्यक्ष संपत्त चुडैलेवाला, वस्त्र व्यापार संघ के अशोक केडिया नीटू, श्री श्याम आशीर्वाद सेवा संस्था के ट्रस्टी डॉ. डीएन तुलस्यान एवं सुनील तुलस्यान ने शहर कोतवाल नारायण सिंह का माल्यार्पण के साथ दुपट्टा ओढाकर बाबा श्याम का प्रतीक चिह्न भेंट कर स्वागत अभिनंदन किया। इस अवसर पर शहर कोतवाल ने बताया कि बेहतर जांच और सतर्कता से अपराधियों को सजा और पीड़ितों को न्याय दिलाना मेरी पहली प्राथमिकता होगी।

### साइंस ओलंपियाड में प्रिंस स्कूल को 51 मेडल

**सीकर** (निसं)। स्थित प्रिंस स्कूल के विद्यार्थियों ने इंटरनेशनल साइंस ओलंपियाड में शानदार प्रदर्शन करते हुए 28 गोल्ड, 10 सिल्वर व 13 ब्रॉन्ज मेडल सहित कुल 51 मेडल हासिल किये हैं। इंटरनेशनल साइंस ओलंपियाड स्टूडेंट्स में साइंस के प्रति क्युरिऑसिटी व एक्सीलेंस को बढ़ाने में सहायक है। इस सफलता पर निदेशक जोगेंद्र सुण्डा, चेयरमैन डा. पीयूष सुण्डा, मुख्य प्रबंध निदेशक राजेश ढिल्लन, प्रबंध निदेशक मनोज ढाका, प्रिंसिपल एम. आर. अग्रवाल, संजय वर्मा व सीमा राजपुरोहित ने चयनित विद्यार्थियों व अभिभावकों को बधाइयां दी।

### विशेष जागरुकता शिविर 21 को

**रतनगढ़** (निसं)। उद्योग एवं वाणिज्य केंद्र की ओर से डॉ भीमराम अंबेडकर राजस्थान दलित आदिवासी उद्यम प्रोत्साहन योजना अंतर्गत 21 जनवरी को सवेरे 11 बजे रतनगढ़ में रैगर समाज धर्मशाला, रैगर बस्ती, प्रकाश स्कूल के पास विशेष जागरुकता शिविर आयोजित किया जाएगा। उद्योग महाप्रबंधक ने बताया कि योजना में आवेदन के इच्छुक व्यक्तियों को अपने साथ जन आधार, आधार कार्ड, संस्था आधार, बैंक पासबुक, कार्य की परियोजना रिपोर्ट आदि लेकर आने के लिए कहा गया है।

## सार-समाचार

### वार्षिकोत्सव आयोजित

**गुढ़ागौडजी,** (निसं)। कस्बे में संचालित टैगोर शिक्षण संस्थान की इकाई टैगोर स्मार्ट स्कूल का वार्षिकोत्सव उन्मेष शनिवार को श्री पैलेस में मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि आरएसएस के जिला संघ चालक मानसिंह शेखावत थे। अध्यक्षता प्रधानाचार्य रणजीत सिंह ने की। विशिष्ट अतिथि भाजयुमो जिलाध्यक्ष जयसिंह मांठ, निदेशक डॉ. वीरपालसिंह शेखावत व प्रधानाध्यापक मातादीन सिंह शेखावत थे। अतिथियों ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन कर किया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनमोहक प्रस्तुतियां दी। नन्हें-मुन्ने विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रकार के प्रेरणादायी नाटक, नृत्य व गायन आदि प्रस्तुत कर उपस्थित दर्शकों का मन मोह लिया। सेव ट्री ड्रामा के माध्यम से नन्हें मुन्ने बच्चों ने संदेश दिया कि वृक्ष है तो जीवन है। वृक्षों के बिना धरती का शृंगार भी नहीं है और जीवन भी नहीं है। इसलिए हमें ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाने भी चाहिए और उनकी रक्षा भी करनी चाहिए। मुख्य अतिथि मानसिंह शेखावत ने अपने उद्बोधन में बताया कि आज के इस भौतिकवादी युग में चारित्रिक गुणों की महत्ती आवश्यकता है। भाजयुमो के जिलाध्यक्ष जयसिंह मांठ ने बताया कि नौकरी के पीछे भागने की बजाय नौकरी देने वाला बनने का प्रयास करें। टैगोर शिक्षण संस्थान के निदेशक डॉ. वीरपाल सिंह शेखावत ने सभी अभिभावकों, अतिथियों एवं छात्र-छात्राओं का धन्यवाद ज्ञापित किया। प्रधानाध्यापक मातादीन सिंह शेखावत ने विद्यालय का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया।

### बालाजी मंदिर का वार्षिकोत्सव संपन्न

**रतनगढ़** (निसं)। स्थानीय धानुका कुएं के पास स्थित श्री चौक वाले बालाजी मंदिर का वार्षिकोत्सव श्री श्याम परिवार द्वारा भव्य भजन संध्या के साथ संपन्न हुआ। आयोजन समिति के रतनगढ़ नागरिक परिषद दिल्ली के सचिव कुणाल व्यास ने बताया कि श्री श्याम परिवार के कलाकारों द्वारा धमाल एवं भावपूर्ण भजनों की प्रस्तुतियां दी। कार्यक्रम आयोजक ललिता देवी व्यास ने ज्योत प्रज्ज्वलित से शुभारंभ किया। भजन संध्या में प्रकाश सोनी कपिल शान, बालकृष्ण धर्ड, पिंटू धर्ड, जय शर्मा, देवकीनंदन सोनी आदि ने एक से बढ़कर एक भजन सुनाये तो भक्ति रस में डूबे बे श्रोताओं ने खूब नृत्य किया। कार्यक्रम में पधारे प्रबुद्धजनों, समाजसेवी एवं भजन प्रेमियों का अभिनंदन रतनगढ़ नागरिक परिषद के सचिव कुणाल व्यास एवं आयोजक परिवार की ओर से स्वागताध्यक्ष संतोष बाबू इंदौरिया, मनोज जोशी,नीलमणि, अरुण रामगढिया, पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि हेमंत सारस्वत आदि ने दुपट्टा पहनाकर और रामलला की तस्वीर भेंटकर अभिनंदन किया।

### विधायक गोदारा ने जनसुनवाई की

**रतनगढ़** (निसं)। विधायक पूसाराम गोदारा ने शहर एवं देहात ब्लॉक कांग्रेस कार्यालय विधायक आवास पर जनसुनवाई की। विधानसभा क्षेत्र रतनगढ़ के लोग अपनी जनसमस्याएं लेकर विधायक की जनसुनवाई में पहुंचे।विधायक ने एक-एक व्यक्ति की समस्या सुनकर जल्द समस्या समाधान का आश्वासन दिया। इस दौरान पानी, बिजली, शिक्षा, स्वास्थ्य सड़क, नगरपालिका से संबंधित समस्याओं के बारे में ग्रामीण एवं शहर वासियों ने विधायक को अवगत करवाते हुए समाधान की मांग की , जिसपर विधायक ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को जल्द समस्या समाधान के सख्त निर्देश दिये। जनसुनवाई में पूर्व प्रधान गिरधारी लाल बांगडवा, अरविंद चाकलान,चरणसिंह कोका, देवी सिंह परिहार, इलियास खान, मोहम्मद जब्बार, पार्षदअब्बास गौरी, नानूराम सारण, महेंद्र श्योराण, सहीराम गोदारा, सुगना राम खिलेरी, रुस्तम खान,शंकर मेघवाल,डूंगराराम खिलेरी सहित जनप्रतिनिधि व ग्रामीण एवं शहरवासी मौजूद रहे।

# दो मंदिर व एक दुकान में चोरी

**सीकर** (निसं)। धोद थाना क्षेत्र में चोर एक ही रात में दो मंदिरों व एक दुकान में चोरी की वारदात को अंजाम दे गया। दो मंदिरों से चांदी के छत्र व दानपात्र से रुपए चोरी कर ले गए।

वहीं एक दुकान के ताले तोड़कर चोरी कर ले गए। पुजारी पूजा करने के लिए अलसुबह मंदिर आए तो उन्हें मंदिर का सामान बिखरा हुआ मिला और चांदी के छत्र गायब मिले। चोरी का सारा घटनाक्रम सीसीटीवी फुटेज में दिखाई दे रहा है। चोर ने मुंह पर नकाब बांध रखा है। पुलिस चोरी की तीनों वारदात की जांच कर रही है।

पुलिस के अनुसार मोरडूंगा निवासी बनवारीलाल शर्मा ने धोद थाना में लिखित शिकायत देकर बताया कि वह झुंझारजी महाराज के मंदिर में पूजा पाठ करते हैं। शाम को 6:15 बजे पूजा पाठ करके वह अपने घर पर चले गए थे। दूसरे दिन अलसुबह 4:15 बजे जब मंदिर में आरती करने के लिए आए तो उन्हें मंदिर के गेट का ताला टूटा हुआ मिला। उन्होंने मंदिर के अंदर जाकर देखा तो चांदी के तीन छत्र, दान पात्र, मंदिर की कटार नहीं मिली।

चोर काले रंग की जैकेट, नीले कलर की जींस पहन रखी है और मुंह पर नकाब बांध रखा है। चोर ने जूते पहने हुए ही दो बार मंदिर के गर्भगृह में जाकर चांदी के छत्र चुराए।

सीसीटीवी फुटेज में चोर ने इसके बाद मंदिर के दानपात्र को लोहे के सरिए से तोड़ने का प्रयास किया लेकिन सफल नहीं हुआ। कुछ देर बाद दोबारा से दानपात्र तोड़ने का प्रयास किया।

**मंदिरों के बाद दुकान से सामान भी ले गया चोर:-** चोरों ने मोरडूंगा गांव के हरिराम जी के मंदिर से भी चांदी के छत्र, दो दान पत्र सहित अन्य सामान चोरी किया। इसके बाद चोर ने गांव की एक दुकान से भी सामान चोरी किया। चोर ने एक ही रात में तीन जगह चोरी की, इससे गांव के लोगों में आक्रोश है। पुलिस आरोपी की कदकाठी, हुलिए के साथ ही सीसीटीवी फुटेज के आधार पर उसकी तलाश कर रह है। प्रारंभिक जांच में पुलिस रैकी के बाद वारदात को अंजाम देने की बात कह रही है।

# मूक बधीर बच्चों को भोजन कराया

**चूरू** (निसं)। चूरू पंचायत समिति के पूर्व उप प्रधान स्व. प्यारेलाल ढ्राका की तृतीय पुण्यतिथि के अवसर पर जिला मुख्यालय स्थित मधुर स्पेशल शिक्षण प्रशिक्षण संस्थान के मूक बधीर बच्चों को ढाका के परिजनों ने भोजन करवाया। इस दौरान परिजनों ने बच्चों को जूते वितरित किये।

इस अवसर पर संस्था प्रधान अंजू नेहरा ने कहा कि इन मुक बधीर करने से बड़ा कोई का कार्य नहीं है। उन्होंने कहा कि स्व. ढ्राका को यही सच्ची श्रद्धांजलि है। इस अवसर पर लच्छू सिंह ढ्राका, करणी सिंह ढ्राका, राजेश ढ्राका, सुनील ढ्राका सहित परिवार के अन्य सदस्य और विद्यालय स्टॉफ उपस्थित थे।

# चैंपियंस स्पोर्ट्स शूटिंग एकेडमी में खिलाड़ियों का सम्मान किया

**झुंझुनूं,** (निसं)। चैंपियंस स्पोर्ट्स शूटिंग एकेडमी में खिलाडियों का सम्मान किया गया। शूटिंग कोच सुशील कुमार ने बताया कि 67वीं नेशनल शूटिंग चैंपियनशिप दिल्ली में 12 दिसंबर से 6 जनवरी तक आयोजित हुई।

जिसमें चैंपियन स्पोर्ट्स शूटिंग एकेडमी के बालिका वर्ग में रिया सिहाग, निकिता भूरिया, ममता कालेर, अनमोल, जयंती कुमारी, नेहल पूनियां, अनू कुमारी, सर्वेश कुमारी, खुशी कुमारी व बालक वर्ग में पुलकित खीचड़, विकास कालेर, सौरभ फोगाट, सतीश बुडानिया व हितेश खीचड, आशीष बुगालिया, प्रियांशु चौधरी, ललित कुमार, राकेश कुमार, पंकज कुमार, संदीप कुमार, आयुष कुमार, सिकंदर आदित्य, अनिश ने नेशनल में क्वालीफाई किया। इनमें से पुलकित, सौरभ, रिया, अनमोल, नेहल, पंकज, ललित कुमार, विकास, सतीश, हितेश ने इंडिया टीम की ट्रायल के लिए क्वालीफाई किया। इसके साथ ही जयंती का आर्मी असम राइफल में सिलेक्शन हुआ और इंटर शेखावाटी यूनिवर्सिटी शूटिंग प्रतियोगिता में जयंती ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी शूटिंग प्रतियोगिता में सिलेक्शन लिया। अंकित शेखावत ने भी शूटिंग में अपना बेहतर प्रदर्शन करते हुए आर्मी अग्निवीर स्पोर्ट्स भर्ती में भी सिलेक्शन लिया। अब यह खिलाडी 16 फरवरी 2025 को आयोजित होने वाली इंडिया टीम की प्रथम शूटिंग ट्रायल में भाग लेंगे। जो कि दिल्ली में ही आयोजित होने जा रही है।




चैंपियंस स्पोर्ट्स शूटिंग एकेडमी में खिलाडियों का सम्मान किया गया

खिलाडियों के सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी प्रमोद आबूसरिया थे। व हीं विशिष्ट अतिथियों में जिला खेल अधिकारी राजेश ओला, पूर्व सैनिक राजेश जानूं सामाजिक कार्यकर्ता, कप्तान रामसिंह बुडानिया, सुनिल सुंडा चैंपियन स्पोर्ट्स शूंटिंग एकेडमी संचालक नेशनल प्लेयर अमन चौधरी ने बताया कि खिलाड़ियों के बेहतर प्रशिक्षण के लिए नई इलेक्ट्रॉनिक टारगेट मशीन व एक 10 मीटर पिस्टल भी मंगवाई गई है। इस खुशी के मौके पर टारगेट मशीन का भी उद्घाटन किया गया।

# गौ-आवास का नवीनीकरण

**झुंझुनूं,** (निसं)। श्री गोपाल गौशाला में पांच गौ-आवास का नवीनीकरण करवाया जा रहा है। जिसमें से तीन गौ आवास का निर्माण कार्य अंतिम चरण में है। जिनका लोकार्पण अगले माह होगा। गौशाला अध्यक्ष प्रमोद खंडेलिया एवं मंत्री नेमी अग्रवाल ने बताया कि पांच गौभक्त दानदाता जिन्होंने गौ-आवास (सैड) के नवीनीकरण करवाने की स्वीकृति दी है। उनमें से प्रथम स्व. मणीदेवी ढंढारिया धर्मपत्नी स्वर्गीय बिहारीलाल ढंढारिया की पुण्य स्मृति में उनके सुपुत्र राधेश्याम ढंढारिया, सुपौत्र राहुल एवं राज ढंढारिया फर्म राहुल फुट केयर जयपुर के सौजन्य से, द्वितीय इंद्रकुमार मोदी सुपुत्र स्व. सीताराम मोदी दिल्ली, ट्रस्टी एवं अध्यक्ष लावरेश्वर महादेव मंदिर ट्रस्ट सीएमडी स्प्रेड होम प्रोडक्ट प्राइवेट लिमिटेड दिल्ली के सौजन्य से, तृतीय स्वर्गीय हनुमा बक्श तुलस्यान एवं उनकी धर्मपत्नी स्वर्गीय त्रिवेणीदेवी तुलस्यान तथा उनकी सुपुत्रवधू स्वर्गीय सुशीलादेवी तुलस्यान की पुण्य स्मृति में उनके सुपुत्र केशरदेव तुलस्यान, सुपौत्र डॉ. डीएन तुलस्यान पड़पौत्र योगेश तुलस्यान एवं सीए प्रशांत तुलस्यान फर्म घनश्याम दास हनुमान बख्श झुंझुनूं के सौजन्य से नवीनीकरण करवाया जा रहा है।

**उत्तर पश्चिम रेलवे**

**निविदा सूचना संख्या-9 एसी/एसटीबीए/ 2024-2025 दिनांक 17.01.2025**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर पश्चिम रेलवे, बीकानेर द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से बीकानेर मंडल के NSG – 6 श्रेणी के 12 स्टेशनों पर (प्रत्येक स्टेशन पर एक) कम्प्यूटीकृत अनारक्षित टिकट प्रणाली (यूटीएस) से कमीशन आधार पर अनारक्षित रेल टिकट जारी करने के लिए स्टेशन टिकट बुकिंग एजेंट (एसटीबीए) के चयन हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है। ठेके का कार्य काल तीन वर्ष का होगा । **1. कार्य का नाम एवं लोकेशन** : बीकानेर मंडल के निम्न वर्णित NSG-6 श्रेणी स्टेशनों पर स्टेशन टिकट बुकिंग एजेंट का चयन हेतु आवेदन पत्र। सिद्धमुख, कनीनाखास, नापासर, सूडसर, तलवाड़ा झील, रामसिंहपुर, बवानी खेड़ा, डबली राठान, अरजनसर, महाजन, सरुपसर एवं रामपुर बेरी **2. निविदा प्रपत्र का मुल्य** : रूपये=1000/– (एक हजार रूपये मात्र) का डी.डी./बैंकर्स चैक, वरिष्ठ मंडल वित्त प्रबंधक, उत्तर पश्चिम रेलवे, बीकानेर के नाम देय हो । **3. जमा की जाने वाली धरोहर राशि** : रूपये =2000/– (दो हजार रूपये मात्र) एन.एस.जी–6 श्रेणी स्टेशनों के लिए डी.डी./बैंकर्स चैक, वरिष्ठ मंडल वित्त प्रबंधक, उत्तर पश्चिम रेलवे, बीकानेर के नाम देय हो। **4. कार्य अवधि**: तीन (3) वर्ष की अवधि के लिए। **5. निविदा प्रपत्र जमा कराने की तारीख व समय** : 17.02.2025 को 15.00 बजे तक **6.निविदा खुलने की तारीख व समय** : 17.02.2025 को 15.00 बजे के बाद **7.कार्यालय जहाँ से फार्म प्राप्त किया जा सकता है।** : वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, वाणिज्य शाखा, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, उत्तर पश्चिम रेलवे, बीकानेर। **8. वेबसाइट का विवरण:** http//www.nwr.indianrailways.gov.in

**78-DR/25**

हमें /NWRailways NWRailways_पर फॉलो करें